॥ श्रीः ॥

विद्याभवन आयुर्वेद ग्रन्थमाला
५१

॥ श्रीः ॥

चौखम्बा चिकित्सा-विज्ञान-कोश

[ANGLO HINDI MEDICAL DICTIONARY]

रचयिता
डा० अवधविहारी अग्निहोत्री
उपसंचालक आयुर्वेद—म० प्र०, भोपाल
भोपाल (म० प्र०)

सम्पादक
डा० गङ्गासहाय पाण्डेय

चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी-१
१९६७

THE
VIDYABHAWAN AYURVEDA GRANTHAMALA
51

CHOWKHAMBA-
CHIKITSĀ-VIJÑAN-KOS'A

[An English to Hindi Lexicon of Technical Terms Medical Science]

By
Dr. AVADHA BIHARI AGNIHOTRI
Deputy Director Āyurveda M. P., Bhopal, Bhopal (M. P.)

Edited by
Dr. GANGA SAHAYA PANDEY

THE
CHOWKHAMBA VIDYABHAWAN
VARANASI-1
1967

सम्पादकीय

डा० गंगासहाय पाण्डेय
भू० पू० प्राध्यापक : कालेज ऑफ मेडिकल साइन्सेज,
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी ।

शिवपुरी वाराणसी के 'चौखम्बा प्रकाशन संस्थान' ने प्राचीन एवं अर्वाचीन साहित्य के अनमोल ग्रन्थ प्रकाशित कर एक गौरवपूर्ण परम्परा स्थापित की है। विश्व की अन्य भाषाओं के साहित्य में जो ज्ञान-वैभव बिखरा पड़ा है उसे हिन्दी में उपलब्ध कराने के हेतु भी यह संस्था कटिबद्ध है। इस कोटि के प्रकाशनों में प्रस्तुत 'चौखम्बा चिकित्सा-विज्ञान-कोश' (Anglo Hindi Medical Dictionary) एक महत्त्वपूर्ण प्रकाशन है। भगवान् धन्वन्तरि की कृपा से निर्मित यह कोश चिकित्सा-विज्ञान के अध्येताओं को अमूल्य सहायता दे सकेगा।

वर्तमान सुसम्पन्न पाश्चात्य चिकित्सा-विज्ञान का सम्यक् ज्ञान उन्हें ही हो सकता है जो अँगरेजी-जर्मन-लैटिन-हिब्रू आदि विदेशी भाषाओं से भी सुपरिचित हों। चिकित्साक्षेत्र में आजकल इतने अधिक विदेशी पारिभाषिक शब्दों का प्रयोग हो रहा है कि उन्हें जाने विना पग-पग पर व्यावहारिक कठिनाई का अनुभव करना पड़ता है। जो कुछ-एक कोश प्रकाशित भी हैं उनके लघु कलेवर से आज की आवश्यकता की पूर्ति कठिन है।

इन सभी स्थितियों पर विचार कर लगातार पाँच वर्षों के कठिन श्रम के उपरान्त हमारे आत्मीय बन्धु प्रियवर श्री अवधविहारी जी अग्निहोत्री (उप-संचालक—आयुर्वेद म० प्र० भोपाल) ने प्रस्तुत ग्रन्थ का निर्माण करके पाश्चात्य चिकित्सा-विज्ञान के शब्दों के हिन्दीकरण का स्तुत्य प्रयास किया है।

कोश-निर्माण-कार्य की जटिलता तथा एक शब्द के पूर्ण विवेचन के लिये किया जाने वाला श्रम उस विषय से संबद्ध अध्येता ही जान सकते हैं। इसमें विद्वान् लेखक ने सम्यक् पर्यालोचन करते हुए प्रत्येक शब्द का नागराक्षरों में ही

च्चारण तथा हिन्दी पर्याय दिए हैं। निस्सन्देह यह योजना सरलतापादक है। ाश्चात्त्य चिकित्सा-विज्ञान के ऐसे लगभग ५०००० शब्दों का विवेचन इस ग्रन्थ प्राप्य है।

सभी पाश्चात्त्य चिकित्सा-वैज्ञानिक शब्दों के पर्याय हिन्दी में अभी पूर्ण रूप ो प्रचलित नहीं हो सके हैं तथा बहुत से समानार्थी शब्द प्राचीन वाङ्मय में बेखरे पड़े हैं। उन सभी का व्यवहार में प्रचलन तो विद्वानों द्वारा दीर्घकालीन ाधना की अपेक्षा रखता है। इसमें यथोपलब्ध समीचीन प्राचीन शब्दों के यन के अतिरिक्त आवश्यकतानुसार समानार्थी नवीन शब्दों का भी समावेश किया गया है।

इस उत्तम कृति के लिये मैं अपनी ओर से विद्वान् लेखक को साधुवाद देते हुए उनका हार्दिक अभिनन्दन तथा चिकित्सा-समाज की ओर से हार्दिक स्वागत करता हूँ। काशीपति भगवान् विश्वनाथ की अनुकम्पा से श्रीमान् अग्निहोत्री जी द्वारा भारतीय चिकित्सा-साहित्य की उत्तरोत्तर श्रीवृद्धि होती रहेगी, यह विश्वास है।

इस श्रेष्ठ ग्रन्थ के प्रकाशन के लिये चौखम्बा संस्थान के कार्यकर्त्ता-गण धन्यवाद के पात्र हैं।

अन्त में ग्रन्थ की उपयोगिता के सही मूल्यांकन के लिये चिकित्सा-शिक्षानुसन्धान-संस्थानों से सम्बद्ध विद्वानों से सविनय निवेदन है कि भविष्य में परिष्कार के लिये समुचित परामर्श देकर चिकित्सा-साहित्य की श्रीवृद्धि में सहायक हों।

महामहोत्सव
मार्गशीर्ष शुक्ल
सप्तमी, वि० सं० २०२८

गंगासहाय पाण्डेय

भूमिका

विश्व की शिक्षा-विज्ञान-सम्बन्धी तथा संस्कृति-संबंधी संस्था (यूनेस्को) की मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा की धारा २६ में 'शिक्षा का उद्देश्य मानव व्यक्तित्व का पूर्ण विकास होगा' स्वीकृत किया गया है। द्वितीय विश्वयुद्ध के अन्तरकाल में विश्व के प्रायः सभी राष्ट्रों ने स्वातन्त्र्य की ओर प्रगति की तथा सफलता के रूप में प्रत्येक द्वीप, महाद्वीप और उपमहाद्वीप की मानवशक्ति ने अपने विकास के नियम तथा योजनायें अपनी सांस्कृतिक-ऐतिहासिक-नैतिक परम्पराओं के अनुसार संविधान के रूप में स्वीकृत की हैं, क्योंकि प्रगति का मौलिक संबंध गतिसूचक ज्ञान से ओतप्रोत है अतः एतदर्थ ज्ञान या शिक्षा सर्वप्रथम ग्राह्य योजना बन गयी है। इसी सन्दर्भ में एशियायी देशों के प्रेरक हमारे राष्ट्र भारत ने भी जन-जन तक परतंत्रता की भूत-कालीन वेदना को भुलाने के निमित्त यथासंभव निःशुल्क शिक्षा के प्रचार का आदर्श स्वीकृत किया तथा ४० करोड़ भारतवासियों के लिये अपनी सांस्कृतिक मर्यादा के अनुकूल राष्ट्रभाषा के रूप में हिन्दी को स्वीकृत किया है।

पराधीनता से मुक्त होने के बाद विगत २० वर्षों में भारत ने भी शिक्षा के क्षेत्र में सभी शाखाओं में चरम उपलब्धि प्राप्त की है। किन्तु एक समस्या सदा से चली आ रही थी कि अब राष्ट्रीय भाषा के ही माध्यम से आज तक की उपलब्धियों और भावी ज्ञानार्जन की योजना बनाई जाय ताकि अन्य बड़े-बड़े राष्ट्रों की तरह हम भी सामान्य रूप से एक ही भाषा के माध्यम द्वारा संपूर्ण भारतवर्ष में ज्ञान-प्रसारण कर सकें। किन्तु यह कार्य आसान नहीं था, शिक्षा-विशारदों, तकनीकी विशेषज्ञों, चिकित्सा-वैज्ञानिकों तथा अन्य विशेषज्ञों ने एकत्र होकर राष्ट्रभाषा के माध्यम से ही भावी सन्तान को दीक्षित करने का संकल्प किया तथा उनके लिये अर्जित विविध भाषाओं के माध्यम से प्राप्त ज्ञानभण्डार को भी हिन्दी भाषा में उच्चस्तर तक प्राप्त कराने का प्रयास आरम्भ किया।

विज्ञान की विभिन्न शाखाओं की विविध भाषाओं से प्राप्त ज्ञानराशि को राष्ट्र-भाषा हिन्दी में निम्नस्तर से उच्चस्तरीय शिक्षण के हेतु स्वीकृत करने के साथ-साथ

ी शाखाओं में नये ढंग से विश्व की विकास शृंखला से होड़ करने वाले ग्रन्थों
की आवश्यकता हुई तथा ग्रन्थ-रचना के निमित्त सर्वप्रथम यह आवश्यक हुआ
विविध वैज्ञानिक शाखाओं के निमित्त अन्तर्राष्ट्रीय मान्यताओं के आधार पर
ष्ट्रभाषा में ही शब्दावली (Terminology) तैयार की जाय, ताकि उसी आधार
भावी विविध विज्ञान शाखाओं के निमित्त ग्रन्थ-प्रणयन का कार्य आरम्भ किया
य। इसी उद्देश्य की पूर्ति के हेतु भारतवर्ष के अनेक विद्वानों ने आज से अनेक
पूर्व भावी आवश्यकता के अनुरूप प्रयत्न आरंभ किये थे। ऐसे प्रयत्नों की भावी
पना का सर्वाधिक श्रेय दिवंगत महामना पं० मदनमोहन मालवीय जी को है
न्होंने अपने निजी और सामूहिक प्रयत्नों का सम्पूर्ण फल—विज्ञान की विविध
खाओं के माध्यम से राष्ट्रभाषा हिन्दी में ही अध्यापन आरंभ कराकर विश्व के
मुख—आज का विश्वप्रसिद्ध संस्थान 'काशी हिन्दू विश्वविद्यालय' खड़ा किया है।

क्रमशः महामना की प्रेरणा और निर्देशन ने अनेक भारतीय मनीषियों को इस
पथ में उत्साह दिलाया और स्व० डा० रघुवीर के कोष की प्रेरणा से क्रमशः
नेक शाखाओं, विशेषकर चिकित्सा-विज्ञान की समस्त शाखाओं में राष्ट्रभाषा हिन्दी
शब्दावली स्वीकृत कर व्यवहार में लाने की कल्पना ने विद्वानों के मानस-
ल पर अपना प्रभाव किया। सर्वप्रथम कहा जाय तो अत्युक्ति न होगी कि
किित्सा-विज्ञान की असीमित शाखाओं—यथा मेडीसिन (Medicine), पैथालोजी
Pathalogy), बैक्टीरियालोजी (Bacterialogy), पैरासाइटोलोजी (Para-
tology), एनाटमी (Anatomy), हाइजीन (Hygine) आदि—में काशी
न्दू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डा० भास्करगोविन्द घाणेकर ने हिन्दीकरण का प्रयास
या और उनका प्रयास पूर्णतः सफल रहा। इसी प्रयास को क्रमशः डा० शिवनाथ
खन्ना ने अपनी रोगीपरीक्षा, रोगपरिचय, रोगनिवारण तथा पैथालाजी की उच्च-
रीय पुस्तकों को हिन्दी भाषा में लिख कर और आगे बढ़ाया। प्रस्तुत कोषग्रन्थ
१० घाणेकर जी तथा डा० शिवनाथ खन्ना जी की प्रेरणा का ही प्रसाद है।

इस ग्रन्थ में लगभग ५० हजार शब्दों का संग्रह किया गया है। ग्रन्थ की
ावश्यकता के विषय में आज कुछ भी कहना पर्याप्त नहीं होगा, किन्तु जिन
ारतीय चिकित्सा-वैज्ञानिकों की यह राय आज भी बनी है कि हिन्दी के माध्यम से

चिकित्सा विज्ञान की शिक्षा देना असंभव है, संभवतः उन मनीषियों को यह पुस्तक अवश्य ही रुचिकर प्रतीत होगी। ग्रन्थ में संगृहीत आंग्लभाषा के शब्दों (Terms) का उच्चारण (Pronunciation) तथा प्रचलित अर्थ प्रकट किया गया है। ग्रन्थ की उपादेयता निम्न प्रकार से विद्वानों को सहयोगी प्रतीत होगी।

(१) राष्ट्रभाषाप्रेमी चिकित्साविज्ञानिकों को अपना मन्तव्य विज्ञानेतर शिक्षित भारतीयों तक पहुँचाने में ग्रन्थ उपयोगी होगा।

(२) औषध उद्योग में ग्रन्थ पाश्चात्य पद्धति से लिखी गयी सेवन विधि तथा हानिकारक प्रभावों के उल्लेखन में राष्ट्रभाषा के माध्यम से जनसाधारण तक पहुँचाया जा सकेगा तथा वर्तमान में प्रचलित विदेशीपन का अंधकार दूर होगा।

(३) अध्यापन कार्य में यह चिकित्सा-विज्ञान के सभी स्तरों में प्रयुक्त विभिन्न शब्दों (Terms, Words) को भलीभाँति प्रकट करने में सक्षम है अतः राष्ट्रभाषा के माध्यम से शिक्षा देने में भी उपयोगी होगा।

(४) राष्ट्रभाषा के माध्यम से अधीत छात्रवर्ग को तो यह ग्रन्थ पुरस्कार के रूप में प्राप्त होगी। इसके माध्यम से वे अपनी विदेशी भाषा की कठिनाई को दूर कर सकेंगे।

(५) अनुसंधानकर्त्ताओं को भी इस ग्रन्थ से अपने अनुसंधानों का प्रसारण भारतीय जनसाधारण तक पहुंचाने में मदद मिलेगी तथा भारतीय हिन्दी साहित्य के माध्यम से वे विज्ञान को समृद्ध बना सकेंगे।

(६) ग्रन्थ में आधारभूत सिद्धान्त के रूप में वे ही मान्यतायें स्वीकृत की गयी हैं जो शब्दों के अनुवाद में स्व० डा० रघुवीर, डा० भा० गो० घाणेकर, डा० शिवनाथ जी खन्ना तथा भारत सरकार की विज्ञान-शब्दावली (अंग्रेजी-हिन्दी) भाग १ में स्वीकृत की गई हैं। अतः विषय की एक परम्परा का भी इस ग्रन्थ में कुछ एक स्थलों को छोड़कर मानदण्ड रखा गया है। अपनी इन विशेषताओं के आधार पर यह कोष ग्रन्थ एक समानता में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर को ध्यान में रखकर राष्ट्रभाषा हिन्दी की समृद्धि के हेतु लिखा गया है।

इतनी सब कुछ विशेषताओं के साथ ग्रन्थ चिकित्सकों-वैज्ञानिकों-छात्रों आदि के

ा कितना उपयोगी होगा यह तो वस्तुतः पाठक ही अनुभव कर सकेंगे। अपनी छोटी सी भूमिका को समाप्त करने से पूर्व मैं प्रातःस्मरणीय गुरुवर्य घाणेकर एवं डा० शिवनाथ खन्ना के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता प्रकट करता जिनकी शिक्षा और दीक्षा के परिणामस्वरूप आज यह कृति गुम्फित कर ा हूँ। साथ ही उनकी अनेक रचनाओं का भी उपयोग मैंने अपने सैद्धान्तिक र्श में ग्रहण किया है। अपने परम शुभेच्छु तथा प्राच्य, पाश्चात्य उभय चिकित्सा- ज्ञ यशस्वी चिकित्सक डा० गंगासहाय जी पाण्डेय का हृदय से आभार स्वीकार ता हूँ जिन्होंने लेखन से मुद्रण तक इस ग्रन्थ को अपना बहुमूल्य योग दिया र अन्त में सम्पादकीय लिखकर इसका स्वरूप भी सँवार दिया। इसके साथ ही ने मित्र डा० गणपतिलाल शर्मा तथा डा० वेणीमाधव अश्विनीकुमार शास्त्री के त भी साधुवाद प्रकट करता हूँ जिन्होंने समय-समय पर मुझे प्रेरणा और कार्यपूर्ति उत्साह देने का कष्ट किया।

चौखम्बा संस्कृत सीरीज तथा चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी के संचालक होदय भी धन्यवादार्ह हैं जिन्होंने अनेक कठिनाइयों के होते हुए भी कार्यपूर्ति के ये मुझे बारबार प्रेरित किया तथा पं० देवनारायण झा के प्रति भी आभार मानता जिनकी निकटता ने ग्रन्थ-पूर्ति में अपूर्व सहयोग दिया है।

महामहोत्सव
मार्गशीर्ष शुक्ल
मी, वि० सं० २०२४

विद्वत्कृपाकाङ्क्षी
अवधविहारी अग्निहोत्री

॥ श्रीः ॥

चौखम्बा चिकित्सा-विज्ञान-कोश

(ANGLO HINDI MEDICAL DICTIONARY)

A— (ए-) अ-, निर- । अभाव या हीनता सूचक प्रत्यय ।

A (ए) अग्र, पूर्व, अनोड, आकाश, तथा स्थानसूचक संक्षिप्तवर्ण । 'अ' ।

aa (ए ए) प्रत्येक का, एक संक्षिप्त शब्द ।

Ab— (एब-) अप् प्रत्यय ।

Abactus Venter (एबैक्टस वेण्टर) कृत्रिम गर्भस्राव, कृत्रिम गर्भपातन ।

Abadie's sign (एबडीज़ साइन)
(i) ऊर्ध्वनेत्रोन्मीलनी पेशी का उद्वेष्टन, यह लक्षण बहिर्नेत्रता नामक रोग में होता है ।
(ii) फिरङ्गजन्य पृष्ठीय कार्श्य (Tabes Dorsalis) नामक रोग में पार्ष्णि कण्डरा नामक पेशी पर दबाव की अनुभूति नहीं होती ।

Abaissement (एबैसमेण्ट) अवसाद ।

Abalienation (एबेलीनेशन) शारीरिक या मानसिक दौर्बल्य ।

Abandon (एबेण्डन) परित्याग करना ।

Abandonment (एबेण्डनमेण्ट) परित्याग ।

Abanet (एबनेट) चक्राकार बन्धेज ।

Abaptiston (एबेप्टिस्टन) पुराने ढंग की तीक्ष्णवेध सूचिका ।

Abarticular (एबार्टीकुलर) सन्धि से दूर, अपसन्धिक ।

Abarticulation (एबार्टीकुलेशन) स्थान-भ्रष्ट करना, अपसन्धीयन ।

Abasia (एबेसिया) गमन में गति कारक मांस पेशियों का सहसंचालन ।

Abatement (एबेटमेण्ट) वेदनाक्षीणता, व्याधिक्षीणता ।

Abattoir (एबेटॉयर) कसाईघर, बूचड़खाना, पशु वधस्थल ।

Abaxial (एबेक्सियल) अपकेन्द्रीय ।

Abbreviation (एब्रीविएशन) संक्षेप ।

Aberhalden's Tests (एबरहाल्डेन् टेस्ट) लासिका निदान कसौटी- जो कि
(i) गर्भावस्थानिदान तथा
(ii) कर्कटार्बुद निदानके हेतु की जाती है ।

Abdomen (एब्डॉमन) उदरगह्वर, पेट, उदर ।

Abdominal Aneurysm (एब्डोमिनल एन्यूरिज्म) औदरिक धमन्यभिस्तीर्णता ।

Abdominal movement (एबडोमिनल मूवमेण्ट) उदर-गति ।

Abdominal Pouch (एब्डोमिनल पाउच) उदरधान ।

Abdomino anterior (एब्डोमिनो एण्टीरियर) अग्रोदरीय ।

Abdominocystic (एब्डोमिनोसिस्टिक) उदर मूत्राशयिक ।

Abdominogenital (एब्डोमिनोजेनीटल) औदर जननेन्द्रियीय ।

Abdominohysterectomy (एब्डोमिनोहिस्टेरेक्टोमी) उदर गर्भाशयो-च्छेदन ।

Abdominohysterotomy (एब्डोमिनो हिस्टेरोटोमी) औदरिक गर्भाशयच्छेदन ।

lominoposterior (एब्डोमिनो-पोस्टीरियर) पश्चिमोदरीय ।
lominoscopy (एब्डोमिनोस्कोपी) उदरेक्षण ।
lominoscrotal (एब्डोमिनोस्क्रोटल) औदराण्डकोषीय ।
lominothorasic (एब्डोमिनोथोरेसिक) वक्षोदरीय ।
lominouterotomy (एब्डोमिनोयूटेरोटोमी) औदरिक गर्भाशयच्छेदन ।
dominovesical (एब्डोमिनोवेसीकल) औदरमूत्राशयिक ।
ducens (एब्डुसेन्स) अपचालक नेता, षष्ठीमास्तिष्की ।
ducent (एबडुसेण्ट) उद्विवर्तनी, अपचालक ।
duct (एबडक्ट) अपकर्ष ।
duction (एबडक्शन) अपचालन, अपकर्षण ।
ductor (एबडक्टर) अपचालक अपकर्षक, (वि.) चालकपेशी । (स्त्री.)
elite (एबेलाइट) सौतिरक्षोट ।
ernethy's fascia (एबर्नथीज़-फेसिया) अधोदरावणीय प्रावरणी ।
errant (एबेरेण्ट) उत्क्रामक, विपथगामी, अपप्राकृत, अप्राकृत ।
errant artery (एबेरेन्ट आर्टरी) उत्क्रामक धमनी ।
erratio (एबेरेशियो) अप्राकृत, अपप्राकृत ।
berration (एबेरेशन) मानसिकविकार, विकृति, विपथन ।
bevacuation (एबइवेकुएशन) आंशिक अथवा अप्राकृतिक रिक्तीकरण ।
beyance (एबेयेन्स) अनुपस्थिति, निरोध, अवरोध, आस्थगित ।
bies (एबीज़) मद्र, मद्रक ।
bietate (एबीटेट) मद्रीय ।
bietene (एबीटीन) मद्रेण्य ।
bietic (एबीटिक) मद्रिक ।
bietite (एबीटाइट) शर्करा विशेष ।
Abinitio (एबइनीशियो) नियमतः, आरम्भतः ।

Abiogenesis (एबायोजेनेसिस) अप्राणि-अप्राणिजनन, अजीवाज्जीवजनन ।
Abiologic (एबायोलोजिक) अजैवकीय ।
Abiosis (एबॉयोसिस) मृत्यु ।
Abiotrophy (एबायोट्रोफी) विकृतनिर्माण, दुर्बल ।
Abirritant (एबइरीटेण्ट) उपदाहशामक ।
Abirritation (एबइरीटेशन) दुर्बलता ।
Abiuret (एबायूरेट) अपिमिहेय ।
Ablactation (एबलेक्टेशन) स्तन छुड़ाना ।
Ablastemic (एब्लास्टीमिक) अजननीय ।
Ablate (एबलेट) सम्बन्धविच्छेदन ।
Ablatio Retinae (एब्लेशियोरेटिने) दृष्टिवितान का उमड़ना ।
Ablation (एबलेशन) अपसरण, अंगविच्छेदन ।
Ablepsia (एब्लेप्सिया) अन्धता, अन्धापन ।
Ablepsy (एब्लेप्सी) अन्धता, अन्धापन ।
Ablepharia (एब्लिफेरिया) पलकों का जन्मजात अभाव ।
Ablepharon (एब्लिफेरोन) पलकों का जन्मजात अभाव, जन्मजात पक्ष्माभाव ।
Ablution (एब्ल्यूशन) स्नान, अवगाहन ।
Abnormality (एबनोर्मेलिटी) अपसामान्यता ।
Abnormity (एबनोर्मिटी) अपसामान्यता ।
Abnormal (एबनोर्मल) असामान्य, अपसामान्य ।
Aboiement (एबोईमेण्ट) भोंकना, बुलाना ।
Abolition (एबोलीशन) उन्मूलन ।
Abomasum (एबोमेसम) आमाशय ।
Aborad (एबोरेड) अपमौखिक, अपमुखीय ।
Aboral (एबोरल) अपमौखिक, अपमुखीय ।
Abort (एबोर्ट) गर्भपात होना, गर्भस्राव करना ।
Aborticide (एबोर्टीसाइड) गर्भघात ।
Aborticidium (एबोर्टिसिडियम) गर्भघातनविधि ।
Abortient (एबोर्टीएण्ट) गर्भस्रावकर, गर्भपातक ।
Abortifacient (एबोर्टीफेशियण्ट) गर्भस्रावक, गर्भपातक ।

Abortin (एबोर्टिन) गर्भस्राव ।
Abortion (एबोर्शन) गर्भस्राव ।
Abortionist (एबोर्शनिस्ट) गर्भस्राव कर्ता ।
Abortive (एबोर्टिव) अकाल प्रसूत ।
Abortive child (एबोर्टिव चाइल्ड) अकाल-प्रसूत बच्चा ।
Abortus (एबोर्टस) गर्भस्राव ।
Abouchement (एबाउशमेण्ट) संगम ।
Aboulia (एबाउलिया) इच्छाशक्ति का ह्रास तथा अभाव ।
Aboulomania (एबाउलोमेनिया) इच्छाशक्ति अभावोन्माद ।
Above (एबव) उपरि, अभ्यङ्ग ।
Abrachia (एब्रेकिया) बाहुओं का जन्मजात अभाव ।
Abrachiocephalia (एब्रेकियोसिफेलिया) अशिरस्क, शिररहित अथवा बाहुरहित ।
Abrachius (एब्रेकियस) बाहुरहित विकृतगर्भ ।
Abrade (एब्रेड) अपवर्षण ।
Abrasio (एब्रेसियो) रगड़, घर्षण ।
Abrasion (एब्रेशन) रगड़, अपवर्षण ।
Abrasive (एब्रेसिव) अपवर्षक ।
Abrastol (एब्रेस्टोल) अन्त्वरघ्न ।
Abraum (एबराम) अपोहक ।
Abreaction (एबरिएक्शन) रेचन ।
Abrin (एब्रिन) गुंजाविष ।
Abroma augusta (एब्रोमा ऑगस्टा) रजोवृष ।
Abrosia (एब्रोसिया) अनिकशरण, अनिकलया
Abruption (एबरप्शन) अनुदैर्घ्य विदारण, हड्डी का आड़े तिरछे टूटना ।
Abruptly (एबरप्टली) अपाथिव रूप से ।
Abrus (एब्रस) गुञ्जा, गुंजाति, गुंजा प्रजाति ।
Abs (एब्स) अके-।
Abscence (एब्सेन्स) अनुपस्थिति ।
Abscess (एब्सेस) फोड़ा, विद्रधि ।
Abscissae (एब्सिसे) किसी चित्र की अनुप्रस्थरेखाएँ, भुज ।
Abscission (एब्सिशन) वियोजन ।

Absconsio (एब्सकोंशियो) गुहा ।
Absinthe (एब्सिन्थ) एक हृद्यपेय ।
Absinthism (एबसिन्थिज्म) मानसिक दौर्बल्य तथा मांसपेशी दौर्बल्ययुक्त व्याधि ।
Absinthium (एबसिन्थियम) अफिन्ट ।
Absolute (एब्सोल्यूट) वास्तविक, परम निरपेक्ष, निरपेक्ष परिशुद्ध ।
Absolute accelaration (एब्सोल्यूट एक्सेलेरेशन) निरपेक्ष त्वरण ।
Absolute alcohol (एब्सोल्यूट अल्कोहोल) परिशुद्ध सुषव ।
Absolute Boiling point (एब्सोल्यूट ब्वाइलिङ्ग प्वाइण्ट) निरपेक्ष बुद्बुदाङ्क ।
Absolute humidity (एब्सोल्यूट ह्यूमिडिटी) निरपेक्ष आर्द्रता ।
Absolute Pressure (एब्सोल्यूट प्रेशर) निरपेक्ष दाब, निरपेक्ष निपीड़ ।
Absolute scale (एब्सोल्यूट स्केल) अकेवल श्रेणी ।
Absolute Temperature (एब्सोल्यूटटेम्परेचर) निपेक्ष ताप ।
Absolute velosity (एब्सोल्यूट वेलोसिटी) निरपेक्ष प्रवेग ।
Absolute zero (एब्सोल्यूट जीरो) अकेवल शून्य ।
Absorbency (एब्सोर्बेन्सी) अवशोषकता ।
Absorbent (एब्सोर्बेन्ट) अवशोषक ।
Absorber (एब्सोर्बर) अवशोषक, उदशोषी ।
Absorptiometer (एब्सोर्प्शियोमीटर) अवशोषण मान ।
Absorption (एब्सोर्प्शन) अवशोषण, अन्तर्लयन ।
Abstemious (एब्स्टीमियस) हिताहारी, मात्राहारी ।
Abstergent (एब्स्टर्जेन्ट) पूतिनाशक ।
Abstersive (एब्स्टर्सिव) पूतिनाशक ।
Abstinence (एब्स्टिनेन्स) आत्मगोपन, उपवासकरना ।
Abstract (एब्स्ट्रैक्ट) तत्व । (पुं०) अमूर्त । (वि०)

straction (एब्स्ट्रैक्शन) शोणिताकर्षण, शोधन, ध्यान, रक्तनिस्सारण, शोणितनोक्षण, निःस्यन्दन क्रिया।
stractum (एब्स्ट्रैक्टम्) निष्कर्ष, सार।
terminal (एबटर्मिनल) अपान्तीय, अपान्तिक।
ulent (एब्यूलेन्ट) पृतिनाशक।
ulia (एब्यूलिया) मनःशक्ति का ह्रास।
ulomania (एब्यूलोमेनिया) मनः शक्ति ह्रासोन्माद।
undance (एबण्डेन्स) प्रचुरता।
utilon (एब्युटिलोन) कंकती प्रजाति, कंकतीति।
vacuation (एबवेक्युएशन) आंशिक रिक्तीकरण।
yssal life (एबिस्सल लाइफ) अगाधवासीजीव।
acatechu (एकाकेट्यू) बब्बूल खदिर।
acetin (एकेसेटिन) बब्बूल शुक्ति।
acia (एकेशिया) बब्बूल, बब्बूल प्रजाति।
aciin (एकेसीइन) बब्बूलि, कूटबब्बूलि।
acin (एकेसिन) बब्बूल निर्यास।
ademic work (एकेडेमिक वर्क) विद्योचित कर्म।
alculia (एकेलक्यूलिया) गणनाक्षमता, गणितशक्ति राहित्य।
ampsia (एकैम्प्सिया) अकड़न।
antha (एकेन्था) मेरुदण्ड।
anthaceae (एकैन्थेसी) वासक कुल।
anthesthesia (एकेन्थेस्थेसिया) सुई चुभने की अनुभूति।
canthia (एकेन्थिया) मत्कुण प्रजाति, मत्कुगाति।
canthion (एकेन्थियोन) पूर्व (अग्र) नासा कण्टकीय आधार।
canthocephala (एकेन्थोसिफेला) कण्टकपालवर्ग।
canthocheilonema (एकेन्थोकीलो-नेमा) अनुलंब प्रजाति, अनुलम्बाति।
cantholysis (एकेन्थोलाइसिस) त्वचाक्षय, त्वगांशन।
Acanthoma (एकेन्थोमा) त्वगार्बुद।
Acanthoptergii (एकेन्थोप्टर्गी) संवृत्त वाताशया।
Acanthosis (एकेन्थोसिस) झुनझुनाहट, त्वग्रोग।
Acanthulus (एकेन्थुलस) कांटा निकालने का यंत्र।
Acanthus (एकेन्थस) कण्टति, कण्ट प्रजाति।
Acapnia (एकेप्निआ) रक्त में प्रांगार एकजारेय की अल्पता।
Acardia (एकार्डिया) हृदयरहित विकृतगर्भ।
Acardiac (एकार्डियक) हृदयरहित।
Acardiacus (एकार्डियेकस) अहृदयिकगर्भ।
Acardiohemia (एकार्डियोहीमिया) हृदय में रक्ताल्पता।
Acardionervia (एकार्डियोनर्विया) हृदय में नाड़ी क्रियाओं का अभाव।
Acardiotrophia (एकार्डियोट्रोफिया) हृद्दौर्बल्य।
Acariasis (एकेरियेसिस) खटमल या जूँ जनित व्याधि।
Acaricide (एकेरिसाइड) कण्डूघ्न, कृमिघ्न।
Acarid (एकेरिड) जूं, कृमि।
Acaridan (एकेरिडन) जूँ, कृमि।
Acarina (एकेरिना) एकवर्ग।
Acarinosis (एकेरिनोसिस) कण्डूत्कर्ष।
Acarodermatitis (एकेरोडर्मेटाइटिस) कण्डूत्वग् रोग।
Acaroid (एकेरॉइड) कृमिसदृश, जूं सदृश
Acarophobia (एकेरोफोबिया) कण्डूभीति,
Acarpous (एकार्पस) जीवाणुरहित, उभार रहित प्रदेहन।
Acarus (एकेरस) कण्डूकीट।
Acatalepsy (एकेटालेप्सी) अनिश्चित निदान, उन्माद।
Acatamathesia (एकेटामेथीसिया) संवेदना भाव, भाषण अक्षमता, भाषण दौर्बल्य।
Acathetic (एकेथेटिक) धारण शक्ति का अभाव।
Acataphasia (एकेटाफेसिया) तुतलाना।
Acaudal (एकॉडल) पुच्छहीन
Acaudate (एकॉडेट) पुच्छविहीन।

Accelerans Nerve (एक्सेलेरेन्सनर्व) हृदयोत्तेजक तंत्रिका ।
Acceleration (एक्सेलेरेशन) त्वरण, प्रावेजन।
Accelerator (एक्सेलेरेटर) त्वरक, प्रावेजक, उत्तेजक ।
Accentuation (एक्सेन्चुएशन) उदात्तशीलता ।
Accept (एक्सेप्ट) स्वीकरण।
Acceptor (एक्सेप्टर) स्वीकर्ता ।
Access (एक्सेस) प्रारम्भ ।
Accession (एक्सेशन) अधिमिलन, सन्मिलन ।
Accessories (एक्सेसरीज) उपसाधन ।
Accessorius (एक्सेसोरियस) सहायक ।
Accessory (एक्सेसरी) उप-, अपर, अतिरिक्त, सहायक ।
Accessory ligament (एक्सेसरी लिगामेन्ट) उपस्नायु ।
Accessory organ (एक्सेसरी आर्गन) उपांग ।
Accessory sex organs (एक्सेसरी सेक्स आर्गन्स) अतिरिक्त लिंगेन्द्रिय ।
Accidental abortion (एक्सीडेण्टल एबोर्शन) आकस्मिक गर्भस्राव ।
Accidental host (एक्सीडेण्टल होस्ट) आकस्मिक पोषिता ।
Accipiter (एक्सिपिटर) श्येनपाद वंधन्वेज, बाज़ के पञ्जे जैसी पट्टी ।
Acclimatation (एक्लाइमेटेशन) जलवायु के अनुकूल होना ।
Acclimation (एक्लाइमेशन) जलवायु के अनुकूल होना ।
Acclimatisation (एक्लिमेटाइजेशन) जलवायु के अनुसार होना, वातावरणानुकूलन ।
Accommodation (एकोमोडेशन) अवस्थापन कौशल, अनुस्थापन, व्यवस्थापन, अनुकूलन, चलाक्षि मुजायन ।
Accommodative Iridoplegia (एकोमोडेटिव आइरीडोप्लीजिया) अनुकूलित तारामण्डलाघात ।
Accomplish (एकम्पलिश) निष्पादन ।
Accouchment (एकाउचमेण्ट) प्रसूतावस्था।
Accoucheur (एकौशियर) पुरुष धात्री
Accoucheuse (एकौशियूज) धात्री, धाय ।
Accrementition (एक्रीमेण्टीशन) कोशा विभाजन द्वारा वृद्धि करना ।
Accrete (एक्रीट) साथ में वृद्धि करना, साथ में बढ़ना ।
Accretion (एक्रीशन) संचय ।।
Accumulator (एक्यूमूलेटर) संचयकारक, संचेत्र ।
Accuracy (एक्यूरेसी) परिशुद्धता, सुसाधुता ।
Acedia (एसीडिया) बेचैनी ।
Acelious (एसीलियस) जठरराहित्य, उदररहित ।
Acoelious (एसीलियस) जठरराहित्य, उदररहित ।
Acellular (एसेल्यूलर) अकोश, अकोशकीय।
A. C. E. Mixture (ए. सी. ई. मिक्शचर) संज्ञाहारक मिश्रण, सु. नी. द. मिश्रण ।
— acene (-एसीन) —मेण्य, —शुगेन्य ।
Acentric (एसेण्ट्रिक) परिसरीय ।
Aceology (एसियोलॉजी) चिकित्साविधि।
Acephala (एसिफाला) अकपाला ।
Acephalia (एसिफेलिया) जन्मजात शिर-राहित्य ।
Acephalism (एसिफेलिज़्म) शिरराहित्य।
Acephalobrachia (एसिफेलोब्रेकिया) शिरबाहुराहित्य ।
Acephalocardia (एसिफेलोकार्डिया) शिर तथा हृदय रहित ।
Acephalocardius (एसिफेलोकार्डियस) शिर तथा हृदयविहीन विकृत गर्भ ।
Acephalocheiria (एसिफेलोचीरिया) शिरहस्तरहित ।
Acephalocheirus (एसिफेलोकीरस) शिर तथा हाथ रहित विकृतगर्भ ।
Acephalocyst (एसिफेलोसिस्ट) अशिरस्क जलार्बुद ।
Acephalocystis (एसिफेलोसिस्टिस) अशिरस्क जलार्बुद ।
Acephalogaster (एसिफेलोगेस्टर) शिरस्कानाशयिक ।

halogastria (एसिफेलोगेस्ट्रिया) र तथा आमाशयहीन विकृतगर्भ।
halopodia (एसिफेलोपोडिया) शिरस्कपादीय।
halopodius (एसिफेलोपोडियस) शिरस्कपादीय विकृतगर्भ।
halorrhachia (एसिफेलोरेकिया) र तथा मेरुदण्डरहित।
halostomia (एसिफेलोस्टोमिया) र तथा मुखरहित।
halothoracica (एसिफेलोथो- सिका) अशिरस्क वक्षीय।
halous (एसिफेलस) अशिरस्क।
halus (एसिफेलस) अशिरस्क कृतगर्भ।
(एकर) उग्र।
bity (एसर्विटी) कषाययुक्त अम्लता।
dol (एसरडोल) लोहकव।
rvuloma (एसर्व्यूलोमा) वालुकाम स्तिष्कावरणार्बुद।
rvulus (एसर्व्यूलस) मस्तिष्क वालुका।
rvulus cerebri (एसरव्यूलस रिब्री) मस्तिष्क वालुका।
scence (एसेसेन्स) अम्लीकरण, युक्तता।
scency (एसेसेन्सी) मन्दाम्लता, युक्तत्व।
sia (एसेसीया) शुक्त, रोगमुक्त होना, मोक्ष।
stoma (एसेस्टोमा) कणन धातु।
tabular (एसेटाब्यूलर) उलूखलीय, श्रोणिउलूखलीय।
tabulum (एसेटाब्यूलम) वंक्षणोदूखल, श्रोणिउलूखल।
tal (एसीटल) शुक्तातु।
taldehyde (एसीटल्डीहाइड) शुक्तानुग्धुद, शुक्तग्धुद।
tamide (एसीटमाइड) शुक्त तिक्तेय, शुक्तातिक्तान।
tanilid (एसिटेनिलिड) गन्धिरहित, ज्वरहरचूर्ण।
tate (एसीटेट) शुक्तीय, शुक्तेय।
tic (एसिटिक) शौकिक, शुक्तिक।

Acetone (एसीटोन) शुक्ता।
Acetonemia (एसीटोनिमिया) अन्तरक्तता, शुक्तानद्यता।
Acetonuria (एसीटोन्यूरिया) शुक्तामेह।
Acetous (एसीटस) शौकान, शुक्तावह, शुक्तातन।
Acetum (एसीटम) सिरका, शुक्त।
Acetylcholine (एसीटिलकोलीन) शुक्तल पित्ती।
Acetylchloride (एसीटिल क्लोराइड) शुक्तल नीरेय।
Acetylene (एसीटिलीन) शुक्तलेन्य।
Acetyltannin (एसीटिल्टैनिन) ग्राहीचूर्ण।
Achalasia (एकेलेसिया) अकारणज अवरोध।
Achalybemia (एकेलीबीमिया) शोणितअयसाल्पता।
Acheilia (एकीलिया) जन्मजात ओष्ठहीनता
Acheiria (एकीरिया) जन्मजात हस्ताभाव।
Achene (एकीन) एकबीजास्फोटि।
Achilles Tendon (एकिलिस टेण्डन) पार्ष्णिकण्डरा।
Achillobursitis (एकिलोबरसाइटिस) पार्ष्णिकण्डरीय स्नायुश्लेषशोथ।
Achillodynia (एकिलोडाइनिया) पार्ष्णिकण्डराशूल।
Achillotenotomy (एकिलोटीनोटोमी) पार्ष्णिकण्डराच्छेदन।
Achillotomy (एकिलोटोमी) पार्ष्णिकण्डराच्छेदन।
Achlamydeae (एक्लेमिडी) अपरिपुष्पा।
Achlorhydria (एक्लोरहाइड्रिया) अम्लअभाव, अनोरोद, अम्लाल्पता।
Achloropsia (एक्लोरोप्सिया) हरितान्धता।
Acholia (एकोलिया) पित्ताभाव, पित्ताल्पता।
Acholous (एकोलस) पित्तहीन, अल्पपित्तीय।
Acholuria (एकोल्यूरिया) अपित्तमेह।
Acholuric (एकोल्यूरिक) अपित्तमेहिक।
Achondroplasia (एकोण्ड्रोप्लेसिया) वामनास्थिक्षय।
Achor (एकोर) दारुन, शिशु शिर का परिस्रावीक्षत।
Achorion (एकोरियॉन) आदालनक।

Achrestic (एक्रेस्टिक) रक्ताल्पता ।
Achro – (एक्रो–) अवर्ण- ।
Achroa (एक्रोआ) अवर्णता ।
Achroglobin (एक्रोग्लोबिन) अवर्णवर्तुलि ।
Achroia (एक्रोइया) अवर्णता ।
Achroiocythemia (एक्रोइओसाइथी- मिया) निष्प्रावर्ण रुधिरकोषाणुमयता ।
Achroma (एक्रोमा) अवर्णता ।
Achromasia (एक्रोमेसिया) वर्णराहित्य, वर्णहीनता ।
Achromatic (एक्रोमेटिक) अवर्ण, निर्वर्ण, वर्णरहित, वर्णहीन. अरञ्जक ।
Achromatin (एक्रोमेटिन) अरञ्जक ।
Achromatism (एक्रोमेटिज्म) अरञ्जकनयता, अरञ्जता ।
Achromatophobia (एक्रोमेटोफोबिया) अवर्णप्रियता ।
Achromatopsia (एक्रोमेटोप्सिया) वर्णान्ध ।
Achromatosis (एक्रोमेटोसिस) अरञ्जकता. वर्णहीनता, वर्णहीनतोत्कर्ष ।
Achromaturia (एक्रोमेट्यूरिया) मूत्र की वर्णहीनता ।
Achromia (एक्रोमिया) वर्णहीनता ।
Achromodermia (एक्रोमोडर्मिया) वर्णहीन चर्म ।
Achromotrichia (एक्रोमोट्रिकिया) केश-अवर्णता ।
Achroo – (एक्रु–) अवर्ण – ।
Achroodextrin (एक्रुडेक्स्ट्रिन) अवर्णदेक्ष्ट्रि ।
Achylia (एकाइलिया) पक्वरसाभाव ।
Achylosis (एकाइलोसिस) पक्वरसाभाव ।
Achymosis (एकाइमोसिस) रसाभाव ।
Achyranthes (एकाइरेन्थस) खरमञ्जरीति, खरमञ्जरी प्रजाति ।
Acicular (एसिकुलर) सूच्याकार, सूचीवत ।
Acid (एसिड) अम्ल, तेजाब ।
Acidemia (एसिडीमिया) अम्लमयता, अम्लरक्तता ।
Acid fast (एसिड फास्ट) अम्लसह ।
Acidifiable (एसिडीफायेबिल) अम्लीकरणक्षम ।
Acidification (एसिडीफिकेशन) अम्लीकरण ।
Acidimeter (एसिडीमीटर) अम्लमापक
Acidimetry (एसिडीमेट्री) अम्लमापन
Acidity (एसिडिटी) अम्लोद्गार, अम्लता, अम्लीयता ।
Acidophile (एसिडोफाइल) अम्लप्रिय ।
Acidophilia (एसिडोफिलिया) अम्लप्रियता ।
Acidoseophyte (एसिडोसियोफाइट) ताम्रअस्थिपोषक कोशा ।
Acidosis (एसिडोसिस) अम्लतोत्कर्ष, अम्लोत्कर्ष ।
Acidulate (एसिड्युलेट) अम्ल छोड़ना ।
Acidulous (एसिडुलस) मृदु, अम्ल, सौकाम्ल ।
Acidum (एसिडम) अम्ल ।
Acid, uric (एसिड. यूरिक) मूत्राम्ल ।
Acierage (एसिरेज) तीक्ष्णन ।
Acinesia (एसाइनेसिया) गत्यभाव ।
Acinetatrophia (एसाइनेटेट्रोफिया) परिश्रमाभावजन्यगतिदौर्बल्य ।
Acinetic (एसाइनेटिक) पेशीक्रियाह्रास, पेशीक्रिया घटानेवाले ।
Aciniform (एसिनीफार्म) अंगूरवत ।
Acinose (एसिनोस) द्राक्षावत द्राक्षायुक्त
Acinous (एसिनस) द्राक्षावत, द्राक्षायुक्त
Acinus (एसिनस) ग्रन्थि का एक लघु अंश रन्ध्रिका, गर्ताणु ।
Acknowledge (एक्नोलेज) ज्ञापन ।
Aclastic (एक्लास्टिक) अभञ्जक ।
Acleitocardia (एक्लीटोकार्डिया) शुक्ति छिद्र का वर्तमान रहना । अपूर्ण शुक्तिछिद्रता ।
Acme (एक्मी) उत्कृष्ठ, रोग की प्रवृद्ध अवस्था ।
Acne (एक्नी) यौवनकील ।
Acnemia (एक्नीमिया) जंघापिण्डका- पेशीदौर्बल्य ।
Acoelious (एसीलियस) जठरराहित्य, उदरराहित्य ।

ıosia (एकोग्नोसिया) भेषजज्ञान ।
gy (एकोलोजी) औषधि विज्ञान ।
ıia (एकोमिया) इन्द्रलुप्त, गंज ।
.te (एकोनाइट) वत्सनाभ, प्रविष ।
:tin (एकोनिटीन) प्रविषी,
ानाभीयक्षार ।
itia (एकोनिटिया) प्रविषी ।
itum (एकोनिटम) वत्सनाभ ।
uresis (एको न्यूरेसिस) अपने आप
त्याग हो जाना ।
yrin (एकोपाइरिन) शुक्त ज्वरघ्नी ।
:a (एकोरिया) जन्मजात तारकाभाव
a (एकोरिया) अधिक भूख ।
n (एकोरिन) वचि, वचा ।
nus (एकोर्मस) धड़रहित विकृतगर्भ ।
ıs (एकोरस) वचाति, वचाप्रजाति ।
lation (एकाउलेशन) बहरों व गूंगों
बोलना व सुनना सिखाने का यंत्र ।
meter (एकौमीटर) शब्द श्रवण-
ाक यंत्र ।
ometer (एकौओमीटर) शब्द
ाणमापक यंत्र ।
ophonia (एकौओफोनिया)
ाणीय ताड़न ।
sma (एकौस्मा) काल्पनिक शब्द श्रवण ।
smatagnosis (एकौस्मेटग्नोसिस)
ः बाधिर्य ।
smatamnesia (एकौस्मेटम्नीसिया)
ब्दस्मृति ह्रास ।
stic (एकौस्टिक) शब्द या श्रवणविज्ञान ।
sticon (एकौस्टिकोन) कर्णभेरी ।
.stics (एकौस्टिक्स) शब्दविज्ञान ।
ldehyde (एक्रेल्डेहाइड) उग्रसुल्युद ।
nia (एक्रेनिया) आंशिक अथवा पूर्ण
ाराहित्य, अकरोटय । करोटि का
ांशिक या पूर्ण अभाव ।
.nial (एक्रेनियल) अशिरस्क ।
.sia (एक्रेसिया) दौर्बल्य, मूत्रकृच्छ्र ।
.tia (एक्रेशिया) दौर्बल्य, क्षीणता ।
:turesis (एक्रेट्यूरेसिस) बस्तिक्षीणता
ा कारण उत्पन्न मूत्रत्यागाक्षमता ।
: (एकर) म्रहल (इ.= १६० वर्ग)

Acrid (एक्रिड) दहन, उग्र, तीक्ष्ण ।
Acridity (एक्रिडिटी) उग्रता ।
Acridone (एक्रिडोन) उग्रा ।
Acridyl (एक्रिडिल) उग्रल ।
Acridin (एक्रिडिन) उग्रिन ।
Acriflavine (एक्रीफ्लेवीन) उग्रपिंगी ।
Acrinia (एक्रीनिया) स्रावावरोध ।
Acrinyl (एक्रिनिल) उग्रिल ।
Acrisia (एक्रिसिया) व्याधि का अनियमित
रूप ।
Acritical (एक्रिटिकल) चरम राहित्य ।
Acritochromacy (एक्रिटोक्रोमेसी)
वर्णान्धता ।
Acritol (एक्रिटोल) उग्रितत्र ।
Acroaesthesia (एक्रोएस्थेसिया)
परमसंवेदनशीलता, शाखाशूल ।
Acroanaesthesia (एक्रोएनेस्थेसिया)
शाखा शून्यता ।
Acroarthritis (एक्रोआर्थ्राईटिस)
शाखा सन्धिवात ।
Acroasphyxia (एक्रोएस्फिक्सिया)
शाखाश्वासावता, शाखा श्वासावरोध ।
Acroblast (एक्रोब्लास्ट) मध्य पोषकस्तर
का बाह्यस्तर ।
Acrocephalia (एक्रोसिफेलिया)
शंकुशिरस्क ।
Acrochordan (एक्रोकोर्डन) समूल मशक,
पादयुक्त मस्सा ।
Acrocinesis (एक्रोसाइनेसिस)
अतीत्रगतिशीलता ।
Acrodont (एक्रोडोण्ट) कूटदन्त,
विकृपदन्त ।
Acrodynia (एक्रोडायनिया) जानपदिक
लौहित्यता ।
Acroesthesia (एक्रोएस्थेसिया) परम-
संवेदनशीलता, शाखाशूल ।
Acrokinesis (एक्रोकाइनेसिस)
अनियमित क्रियास्वातन्त्र्य ।
Acromania (एक्रोमेनिया) असाध्य
उन्माद, उग्र उन्माद ।
Acromastitis (एक्रोमेस्टाइटिस)
चुचुकशोथ ।

Acromegalia (एक्रोमेगेलिया) शाखाबृहत्ता, शाखा बृहत्त्व ।

Acromegaly (एक्रोमेगेली) शाखा बृहत्ता ।

Acromial (एक्रोमियल) अंसकूटीय ।

Acromicria (एक्रोमाइक्रिया) शाखा क्षुद्रता, शाखाल्पता ।

Acromioclavicular (एक्रोमियोक्लेविकुलर) अंसाक्षकीय ।

Acromiocoracoid (एक्रोमियोकोराकोयड) तुण्डांस कूटीय ।

Acromiohumeral (एक्रोमियोह्यूमेरल) अंसप्रगण्डीय ।

Acromion (एक्रोमियन) अंसकूट ।

Acromiothoracic (एक्रोमियोथोरेसिक) अंसोरस्का ।

Acromphalus (एक्रोम्फेलस) नाभिकेन्द्र, मध्यनाभि ।

Acronyx (एक्रोनिक्स) नखान्तरवृद्धि ।

Acroparalysis (एक्रोपैरालिसिस) शाखावात ।

Acroparesthesia (एक्रोपैरेस्थीसिया) शाखास्पर्शवैपरीत्य ।

Acropathology (एक्रोपैथोलॉजी) शाखावैकृत्य, शाखाविकृतिविज्ञान ।

Acropathyl (एक्रोपेथाइल) शाखाव्याधि ।

Acrophobiia (एक्रोफोबिया) उच्चस्थानभीति ।

Acroposthia (एक्रोपोस्थिया) शिश्नाग्रचर्म ।

Acroposthotis (एक्रोपोस्थोटिस) शिश्नाग्रचर्मशोथ ।

Acroscleraderma (एक्रोस्क्लेरेडर्मा) अंगुलित्वग्काठिन्य ।

Acrose (एक्रोस) उग्रगु ।

Acrosome (एक्रोसोम) शुक्रकोशाग्र ।

Acrosphacelus (एक्रोस्फेसीलस) अंगुलिकोथ ।

Acrothymion (एक्रोथाइमियॉन) चर्मकील, मस्सा, उत्सेधयुक्तमस्सा ।

Acrotism (एक्रोटिज्म) नाड़ीक्षीणता ।

Acrotismus (एक्रोटिज्मस) नाड़ावरोध, नाड़ीस्पन्दनाभाव ।

Acrotrophoneurosis (एक्रोट्रोफोन्यूरोसिस) शाखाओं की पोषणजन्य विकृति ।

Acrylaldehyd (एक्रिलएल्डिहाइड) उग्रल सुन्धद ।

Acrylate (एक्रिलेट) उग्रलीय ।

Acrylic (एक्रिलिक) उग्रलिक ।

Actinium (एक्टिनियम) एजातु ।

Actinodermatitis (एक्टिनोडर्मेटाइटिस) किरण चर्मशोथ ।

Actinogram (एक्टिनोग्राम) क्षकिरणयंत्र, रश्मियंत्र ।

Actinograph (एक्टिनोग्राफ) छायचित्रयंत्र, क्षकिरण यंत्र, रश्मि यंत्र ।

Actinomorphic (एक्टिनोमोर्फिक) अरसममितीय ।

Actinomyces (एक्टिनोमाइसिस) किरण कवक ।

Actinomycosis (एक्टिन माइकोसिस) किरण कवकरोग । किरण कवकोत्कर्ष ।

Actinon (एक्टिनॉन) एजाति ।

Actinotherapy (एक्टिनोथिरेपी) किरण चिकित्सा ।

Action (एक्शन) क्रिया ।

Action, automatic (एक्शन आटोमैटिक) स्वचालित क्रिया ।

Action Reflex (एक्शन रिफ्लेक्स) क्रिया प्रत्यावर्तन ।

Activate (एक्टिवेट) कर्मण्यन, सक्रिय करना ।

Activated (एक्टीवेटिड) उत्प्रेरित ।

Activation (एक्टिवेशन) उत्प्रेरण, सक्रियकरण कार्य ।

Active (एक्टिव) क्षिप्र, जागृत, सक्रिय, क्रियाशील ।

Activator (एक्टिवेटर) सक्रियताकारक ।

Actol (एक्टोल) रजतमूषेय ।

Actual (एक्चुअल) वास्तविक ।

Actual Cautery (एक्चुअल कॉटरी) श्वेततप्त दहन (अग्निकर्मार्थप्रयुक्त) ।

Actuarial (एक्चुएरियल) जीवनांकिक ।

Acufilopressure (एक्युफिलोप्रेशर) सूचीबन्धन द्वारा धमनीपीड़न ।

ty (एक्युइटि) तीक्ष्णता, पैनापन।
eate (एक्युलिएट) मध्वालु।
meter (एक्यूमीटर) सुनने की जांच
नेवाला यंत्र, श्रवण क्रिया सम्बन्धी
क्षक यंत्र।
minate (एक्युमिनेट) लम्बाग्र, लम्बी
कवाला।
ressure (एक्युप्रेशन) रक्त
स्रवणनिषेध विधि।
ressure (एक्यूप्रेशर) रक्त-
स्रवणनिषेधविधि।
uncture (एक्यूपंक्चर) सुई निर्मित
द्र। सुई से बनाया हुआ छेद।
(एकस) शल्यकर्मविशेषज्ञ की सूचि।
ection (एक्यूसेक्शन) विद्युत सूची
य छेदन शल्यकर्म।
ticus (एकस्टिकस) श्रावणी नाड़ी,
दवहा नाड़ी।
(एक्यूट) तीक्ष्ण, तीव्र, उग्र,
पाती।
naculum (एक्यूटेनाक्युलम)
ग्राहक यंत्र।
ness (एक्यूटनेस) तीव्रता।
rsion (एक्यूटॉर्सन) धमनी या
नलिका को ऐंठकर रक्तस्राव
करना।
noblepsy (एस्येनोब्लेप्सी)
वर्ण अंधत्व।
nopsia (एस्येनोप्सिया) नील-
न्धत्व।
is (एसायेसिस) वंध्यत्व।
एसिल) अम्ल।
te (एसिलेट) अम्ल, प्रवेशन।
gen (एसिलोजेन) अम्लजन।
in (एसिलोइन) अम्लरूप।
xy (एसिलोक्सी) अम्लजार।
inervia (एसिस्टीनर्विया)
शय की अशक्तता। मूत्राशयवात,
शयिक पक्षाघात।
onervia (एसिस्टोनर्विया)
शयवात।
oneuria (एसिस्टोन्यूरिया)
शयवात।

Ad – (एड–) अभि–, उप–।
Adacrya (एडेक्रिया) अश्रुस्रावाल्पता,
अश्रुस्राव की कमी। आंसू कम आना।
Adactylia (एडेक्टिलिया) अंगुलिहीनता,
अंगुलियों का अभाव।
Adactylous (एडेक्टिलस) अंगुलिहीन।
Adamantina (एडेमेण्टाइन) पविकी।
Adamantoblast (एडेमेण्टोब्लास्ट)
दन्तवेष्ट बहिरावरणस्फोट।
Adam's Apple (एडम्स एपिल) कण्ठ,
कण्ठमणि।
Adam's Stokes Syndrome or
disease (एडम्स स्टोक्स सिण्ड्रोम ऑर
डिसीज़) नाड़ी की अस्वाभाविक मन्दगति
तथा हृद्अवरुद्धता की अवस्था के साथ
व्याधि।
Adaptation (एडाप्टेशन) ठीककरना,
अनुकूलन, रूपान्तरण, नियामन, दृष्टि-
नियामन, उपयोजन।
Adapter (एडेप्टर) उपयोज।
Add – (एड –) मिश्रण, संकलन।
Addephagia (एडिफेगिया)
भस्मक रोग।
Adder (एडर) सर्प।
Addict (एडिक्ट) दुर्व्यसनी, व्यसनी।
Addiction (एडिक्शन) व्यसन।
Addiment (एडीमेण्ट) पूरक।
Adding (एडिङ्ग) संकलन, जोड़ना।
Addison's Anaemia (एडीसन्स
एनीमिया) घातक रक्ताल्पता।
Addition (एडीशन) योग, संकलन।
Additional (एडीशनल) अतिरिक्त,
अपर, समधिक।
Addition's Diet (एडीशन्स डाइट)
पूर्णरूपेण कोष्ठशुद्धि करने के बाद तीन
दिनों तक मांसाहार कराना तत्पश्चात् अन्य
खाद्यों का योग क्रमशः बढ़ाया जाय जिससे
अनूर्जता के लक्षण प्रकट होने लगें।
Additive (एडीटिव) संयोज्य।
Address (एड्रेस) भाषण, सम्बोधन,
वाह्यनाम।
Adduct (एडक्ट) आकर्ष, संव्यूहन।
अन्तर्नयन, उपचालन।

Adduction (एडक्शन) अभिवर्तन, उपचालन।
Adductor (एडक्टर) अभिवर्तनी।
Adelarthra (एडेलआर्थ्रा) लीनसन्धयः।
Adelochorda (एडेलोकोर्डा) लीननेरवः।
Adelomorphous (एडेलोमार्फस)
अनिश्चयात्मक रूपीय, लीनरूपीय।
Adelopod (एडेलोपोड) लीनपाद।
Adelphotaxy (एडेल्फोटैक्सी) निश्चित वर्गीकरण।
Ademonia (एडिमोनिया) चिन्ता, मानसिक कष्ट।
Aden (एडेन) गांठ, ग्रन्थि, गिल्टी निःस्रज-, ग्रन्थि।
Adenalgia (एडेनेल्जिया) ग्रन्थिशूल।
Adenanthera (एडेनेन्थेरा)
ग्रन्थ्याशयति। ग्रन्थ्याशय प्रजाति।
Adenase (एडिनेस) निस्त्रजेद।
Adendric (एडेण्ड्रिक) अक्षरहित।
Adenasthenia (एडिनेस्थीनिया)
ग्रन्थिक शैथिल्य।
Adenectomy (एडिनेक्टोमी) ग्रन्थिच्छेदन।
Adenectopia (एडिनेक्टोपिया)
ग्रन्थिभ्रंश, ग्रन्थि की स्थान च्युति।
Adenemphraxis (एडिनेम्फ्रेक्सिस)
ग्रन्थिजन्य अवरोध।
Adenia (एडेनिया) गण्डमाला। कण्ठमाला।
Adeniform (एडेनीफार्म) ग्रन्थिरूपीय, ग्रन्थिल।
Adenitis (एडिनाइटिस) ग्रन्थिप्रदाह, लसग्रन्थिशोथ।
Adenization (एडिनाइजेशन) ग्रन्थ्याभ, ग्रन्थि का रूपधारण करना।
Adenoblast (एडीनोब्लास्ट) एक भ्रूणकोष जिससे ग्रन्थितन्तु परिवर्धित होते हैं। ग्रन्थि कोशोत्स्फोट।
Adenocarcinoma (एडीनोकार्सिनोमा)
ग्रन्थि कर्कटार्बुद।
Adenocele (एडीनोसील) ग्रन्थिरसार्बुद, ग्रन्थिजलार्बुद।
Adenochondroma (एडीनोकोण्ड्रोमा)
ग्रन्थि उपास्थ्यार्बुद।

Adenocystoma (एडिनोसिस्टोमा)
ग्रन्थिजलार्बुद।
Adenodynia (एडिनोडायनिया)
ग्रन्थिशूल।
Adenofibroma (एडीनोफाइब्रोमा)
ग्रन्थिसूत्रार्बुद।
Adenography (एडीनोग्राफी)
ग्रन्थिव्याख्या, ग्रन्थिसम्बन्धी निबन्ध या ग्रन्थ।
Adenohypophysis (ऐडेनोहाइपोफिसिस) पीयूषिकाग्र।
Adenoid (एडिनॉयड) ग्रन्थ्याभ, गण्डाभ, कण्ठशालूक लसीकाभऊतक।
Adenolipoma (एडीनोलाइपोमा)
ग्रन्थिवसार्बुद।
Adenolipomatosis (एडीनोलाइपोमेटोसिस) ग्रन्थिवसार्बुदमयतोत्कर्ष।
Adenologaditis (एडीनोलोगेडाइटिस)
नवजात नेत्राभिष्यन्दि, कुकूणक।
Adenology (एडीनोलॉजी) ग्रन्थिशास्त्र, ग्रन्थितत्व, ग्रन्थिविज्ञान।
Adenolymphoma (एडीनोलिम्फोमा)
ग्रन्थिलसार्बुद।
Adenoma (एडीनोमा) ग्रन्थ्यार्बुद, ग्रन्थि-अर्बुद, गण्डार्बुद।
Adenomalacia (एडीनोमेलेशिया)
ग्रन्थिमार्दव, ग्रन्थिमृदुता।
Adenomycosis (एडीनोमाइकोसिस)
ग्रन्थिकवकोत्कर्ष,
Adenomyoma (एडीनोमायोमा)
ग्रन्थिमांसार्बुद।
Adenomyxoma (एडीनोमिक्सोमा)
ग्रन्थिमिश्रार्बुद।
Adenomyxosarcoma (एडीनोमिक्सोसार्कोमा) ग्रन्थिमिश्रसंकटार्बुद।
Adenopathy (एडीनोपैथी) ग्रन्थियों की कोई भी व्याधि।
Adenopharyngitis (एडीनोफैरिंजाइटिस) ग्रन्थिग्रसनिकाशोथ।
Adenophlegmon (एडीनोफ्लेगमोन)
श्लैष्मिक लसग्रन्थिशोथ।
Adenophthalmia (एडीनोफ्थेलमिया)
नेत्रच्छदीय ग्रन्थिशोथ।

osarcoma (एडीनोसार्कोमा)
थसंकटार्बुद।
osclerosis (एडीनोस्क्लेरोसिस)
थखरतोत्कर्ष, ग्रन्थिजरठतोत्कर्ष।
osis (एडीनोसिस) गण्डोत्कर्ष,
थरोग, चिर कालीन ग्रन्थिशोथ।
otome (एडीनोटोम) ग्रन्थिच्छेदकयंत्र।
otomy (एडीनोटोमी) ग्रन्थिच्छेदन,
दना।
yl (एडीनिल) निस्तृजल।
s (एडेप्स) वसा, वपा, शूकरवसा।
nia (एडर्मिया) त्वक्राहित्य,
ाभाव, त्वग्हीनता।
nogenesis (एडर्मोजेनेसिस)
की अपूर्णवृद्धि।
notrophia (एडर्मोट्रोफिया)
की अपूर्ण पुष्टि।
toda vasica (एडाटोडा वासीका)
क, अडूसा।
sion (एडीसन) संयोजन, संश्लेषण,
श्लेषण, अभिलाग।
sive (एडीसिव) अभिश्लेषि,
करनेवाला, अभिलागी।
horesis (एडायफोरेसिस)
ाभाव, अल्पस्वेद।
meustia (एडायेन्यूस्टिया)
ाल्पता, स्वेदाभाव।
hesia (एडायेथेसिया) जन्मजात
स्था या व्याधिका न होना।
norrhysis (एडीमोराइसिस)
नीय रक्ताल्पता।
ne (एडिनोन) निःसृजी।
- (एडिप -) वपा -।
te (एडिपेट) वपीय।
c (एडिपिक) वपिक।
- (एडिपो -) वपा -।
cele (डिपोसील) वपावृद्धि,
नयतन्तुनिश्रित आन्त्रवृद्धि।
cere (ऐडिपोसीयर) शव का
नियमवन।
fibroma (एडिपोफाइब्रोमा)
तूत्रार्बुद।

Adipogenous (एडिपोजीनस) मेदवर्धक,
वसाजनक।
Adipoma (एडिपोमा) वसार्बुद।
Adipose (एडिपोस) वसामय, वपामय।
Adipose tissue (एडिपोज़ टिश्यू)
वपोति।
Adiposis (एडिपोसिस) वसाधिक्यता।
Adipositas cordis (एडिपोसिटास
कोर्डिस) हृद्स्थूलता, स्थूलहृदयता।
Adiposuria (एडिपोस्यूरिया) वसामेह,
वसायुक्त मूत्रता।
Adipsia (एडिप्सिया) तृषाहीनता,
तृष्णाहीनता।
Adipson (एडिप्सोन) तृष्णानिवारक पेय।
Adipsous (एडिप्सस) तृष्णाशामक,
तृष्णानिवारक।
Aditus (एडीटस) प्रवेश, प्रवेशद्वार।
Adjacent (एडजेसेन्ट) (i) संलग्न (ii)
प्रतिवेश्य।
Adjoining (एडज्वाइनिङ्ग) आसन्न।
Adjourn (एडजर्न) स्थगन।
Adjourned (एडजोर्न्ड) स्थगित।
Adjudicate (एडजूडिकेट) अभिनिर्णयन।
Adjust (एडजस्ट) व्यवस्थापन, समायोजन।
Adjustment (एडजस्टमेण्ट) व्यवस्थापन,
अनुकूलन, समायोजन, समायोजना।
Adjuvant (एडजुवेण्ट) सहायक औषध।
Adminiculum Linae Albae
(एडमिनीकूलम लीनिए एल्बे) सहायक
बन्धन।
Admixture (एडमिक्शचर) सम्मिश्रण।
Adnata (एडनेटा) जुड़ाहुआ, संलग्न।
Adnate (एडनेट) संलग्न, अभिलग्न।
Adnephrine (एडनेफ्रीन) अधिवृक्की।
Adneural (एडन्यूरल) अधिनाडीस्थ,
स्नायुस्थित।
Adnexa (एडनेक्सा) संयोजितवस्तु।
Adnexopexy (एडनेक्सोपेक्सी) गर्भाशय
का उदरभित्ति में सींकर स्थिर करना।
Adolescence (एडोलेसेन्स) यौवनावस्था।
Adopt (एडोप्ट) स्वीकरण।
Adoral (एडओरल) अभिमुखी, मुख के
समीप स्थित।

Adosculation (एडोस्कुलेशन) बाह्य संसर्ग द्वारा ही गर्भ ग्रहण करना ।
Adrenal (एड्रीनल) अधिवृक्क ।
Adrenaline (एड्रीनेलीन) उपवृक्की ।
Adrenin (एड्रेनिन) अधिवृक्की ।
Adscititious (एडसिटिशियस) अतिरिक्त ।
Adult (एडल्ट) प्रौढ़, वयस्क ।
Adulterate (एडल्टरेट) व्यामिश्रण हीनमिश्रण ।
Adsorb (एडसोर्ब) अधिचूषण ।
Adsorption (एडसोर्पशन) अधिचूषण ।
Adustion (एडशन) तप्तप्रलेप आदि का प्रयोग ।
Advance (एडवान्स) उत्थापन, त्वरण उपकरण ।
Advancement (एडवान्समेण्ट) तिर्यग् दृष्टि को सुधारने के लिए किया जानेवाला शल्यकर्म ।
Advantage (एडवाण्टेज) लाभ, उपकार ।
Adventitia (एडवेण्टीशिया) बाह्यखोल, रक्तवाहिनी का बाह्यस्तर ।
Adventitial (एडवेण्टिशियल) अस्थानिक ।
Adventitious (एडवेण्टीशियस) अस्थानिक ।
Advice (एडवाइस) प्रज्ञप्ति ।
Advise (एडवाइज) प्रज्ञापन ।
Advitant (एडविटेण्ट) खाद्योज, जीवतिक्ति ।
Advocate (एडवोकेट) अधिवचन अधिवक्ता ।
Adynamia (एडायनेमिया) दुर्बलता, जीवनशक्तिदौर्बल्य ।
Adynamic (एडायनेमिक) विशिष्ट दौर्बल्य, दुर्बल ।
Adynatus (एडायनेटस) रोगी, रुग्ण ।
Adze (एज़) वाशी, तक्षणी ।
Æ (ई –) ई – उपसर्ग ।
Aedes Calopus (एडीज़केलोपस) श्लीपद मच्छरी भेद, व्याघ्रमशकादिप्रभेद ।
Aegle (ईगल) विल्वति; विल्व प्रजाति ।
Aerated (एरेटेड) वातयुक्त, वातित ।
Aerated drink (—ड्रिंक) वातित पेय ।
Aeration (एरियेशन) वातन, प्रवीजन, वायुसम्पुटित करना ।
Aereated waters (एरियेटेड वाटर्स) वातिपेय ।
Aerendocardia (एयरेण्डोकार्डिया) हृद्पिण्ड में वाष्प या वायु की उपस्थिति ।
Aerhemoctonia (एयरहिमोक्टोनिया) शिराओं में वायु प्रविष्ट हो जाने के कारण मृत्यु होना ।
Aerial (एरियल) वायु सम्बन्धी, वायवीय, वायव्य, हवाई ।
Aeriferous (एयरीफेरस) वाष्पयुक्त, वायुयुक्त ।
Aeriform (एयरीफार्म) वाष्पीभूत, वायुसम ।
Aerobactor (एयरोबैक्टर) वातिवेत्राणु ।
Aerobe (ईरोब) वातपी । जारकजीव ।
Aerobia (ईरोबिया) वायुजीवी, वातपी ।
Aerobic (ईरोबिक) वातजीवी, वातापेक्षी ।
Aerobion (ईरोबियॉन) वायुजीवी ।
Aerobioscope (एयरोबायोस्कोप) वायवीय रोगाणु संग्राहक यंत्र ।
Aerobiosis (एयरोबायोसिस) ओषजन-युक्त वायुमण्डल के जीव ।
Aerobiotic (एयरोबायोटिक) जारकजीव, वातपी ।
Aerocele (एयरोसील) वाष्प या वायु के कारण किसी क्षुद्र गह्वर का प्रसारण ।
Aerocolpos (एयरोकोल्पोस) वातपूरित योनि ।
Aerodynamics (एयरोडायनेमिक्स) वायुविज्ञान, वातिवैगिकी ।
Aerodyne (एयरोडाइन) वातगुरु ।
Aerogen (एयरोजेन) वातिजनक, वायुजनक ।
Aerohydropathy (एयरोहाइड्रोपैथी) जलवायुचिकित्सा ।
Aerolite (एयरोलाइट) उल्काश्म ।
Aerology (एयरोलोजी) वायुमण्डल विज्ञान ।
Aerometer (एयरोमीटर) वातिमान वायुमापक यंत्र ।
Aeromicrobe (एयरोमाइक्रोब) वायवीयसूक्ष्माणु ।

aut (एयरोनॉट) वा-नाविक ।
otitis-media (एयरो ओटाइटिस
डेया) वायुवान चालकों का
मकर्णशोथ ।
athy (एयरोपैथी) वातव्याधि ।
eritonia (एयरोपेरीटोनिया)
पूरित उदर ।
hagy (एयरोफेगी) वायुभक्षण ।
hobia (एयरोफोबिया) वायुभीति,
भीं ।
hore (एयरोफोर) नवजात मृत-
क के फुफ्फुसों में वायु पहुँचाना ।
lethysmograph (एयरोप्लेथि-
ग्राफ) श्वासप्रश्वासवायु परिमापक यंत्र ।
cope (एयरोस्कोप) वायुपरीक्षक यंत्र
tatics (एयरोस्टेटिक्स) स्थिरवायु
ान ।
herapeutics (एयरोथिराप्युटिक्स)
चिकित्सा ।
herapy (एयरोथिरेपी)
चिकित्सा ।
horax (एयरोथोरेक्स) वक्ष में वायु
य ।
onometer (एयरोटोनोमीटर)
भारमापक यंत्र ।
ympanal (एयरोटिम्पेनल)
दह तथा वायुसम्बन्धी ।
urethroscope (एयरोयूरेथ्रोस्कोप)
मूत्राशयेक्षण यंत्र ।
urethroscopy (एयरोयूरेथ्रो
ोपी) वातमूत्राशयेक्षणा ।
ol (एयरोज़ोल) वातिजवा ।
ोज़ोन युक्त एक ओषध विशेष)
riversion (एर्टीवर्शन) किसी
नी का कटा हुआ अंश उलटकर रक्त
बन्द करने की विधि ।
riverter (एर्टीवर्टर) रक्तरोध
ेवाला यंत्रविशेष ।
r (ईथर) दह्‌- ।
esiometer (एस्थीसियोमीटर)
संज्ञामापी ।
vation (एस्टीवेशन) निष्क्रिय
वास ।

Aethiopification (ईथोपीफिकेशन)
औषध प्रयोग से त्वचा का वर्णपरिवर्तन,
त्वग्रञ्जन ।
Aethogen (ईथोजेन) भातिजन ।
Aetiology (एटिओलाजी) रोग हेतु-विज्ञान
हैतुकी ।
Afebrile (एफेब्राइल) ज्वर रहित,
ज्वराभाव ।
Afetal (एफीटल) गर्भाभाव, गर्भरहित ।
Affair (एफेयर) कार्य ।
Affection (एफेक्शन) रोग, अलर्ग, प्रभाव ।
Afferent (एफरेण्ट) अभिवाही, केन्द्रगामी,
चेष्टावहा, अन्तर्वहा नाड़ियाँ ।
Afferent Nerve (एफरेण्ट नर्व) अभि-
वाही-तन्त्रिका ।
Affinity (एफिनिटी) बन्धुता, आकर्षण,
Affirmation (एफर्मेशन) शपथ,
पुष्टिकरण ।
Afflatus (एफ्लेटस) विसर्पभेद ।
Affluence (एफ्लुएन्स) लालिमा ।
Afflux (एफ्लक्स) ललिमा ।
Affusion (एफ्यूज़न) जलसेचन,
तर करना, सींचना ।
African lethargy (एफ्रीकन लिथार्जी)
काफ्रद्वीपीय अंगशैथिल्य, नीग्रोजाति का
तन्द्रिक रोग ।
Afrodyn (एफ्रोडिन) एक कामोत्तेजक
औषधि विशेष ।
Aftanin (एफ्टेनिन) एक क्वाथ (काढ़ा)
विशेष ।
After (आफ्टर) उत्तर, पश्चात् ।
Afterbirth (आफ्टरबर्थ) जेर, अपरा,
प्रसवोत्तर, आंवल ।
After Brain (आफ्टर ब्रेन) पश्चान्मस्तिष्क ।
After Cataract (आफ्टर कैटेरेक्ट)
मोतियाबिन्द की गौण अवस्था ।
Afterdate (आफ्टरडेट) तिथ्यनन्तर ।
After image (आफ्टर इमेज) अनुबिम्ब ।
Afterpains (आफ्टरपेन्स) प्रसवोत्तर
आर्तियाँ, प्रसवोपरान्त शूल ।
Afterperception (आफ्टरपर्सेप्शन)
पश्चात् अनुभूति, पश्चात् आभास ।

After sensation (आफ्टर सेन्सेशन) मूल कारण की क्रिया बन्द हो जाने पर भी बनी रहने वाली संवेदना।

Aftersight (आफ्टरसाइट) दर्शनान्तर।

Aftersound (आफ्टरसाउण्ड) शब्द का मूल कारण नष्ट हो जाने पर भी शब्द की अनुभूति बनी रहना।

Afterswarm (आफ्टरस्वार्म) पश्चोत्पतन।

Afunctional (एफंक्शनल) क्रियाहीन।

Ag.- (एग-) र० (रजत)

Agalactia (एगेलेक्टिया) स्तन्याभाव, प्रसवोपरान्त दुग्धाभाव।

Agalactous (एगेलेक्टस) **(i)** स्तन्याभाव (पुं०), **(ii)** मातृस्तन्य के अतिरिक्त अन्य खाद्यों द्वारा परिपोषित (वि०)।

Agalloch (एगेलोक) अगुरु।

Agalorrhoea (एगेलोरिया) स्तन्य का रुक जाना।

Agamogenesis (एगेमोजेनेसिस) अमैथुनीय प्रजनन।

Agar-Agar (अगर-अगर) समुद्र घास्य।

Agaric (एगेरिक) वाल्मकोष।

Agaricaceae (अगेरिकेसी) छत्राककुल।

Agaricales (अगेरिकेल्स) छत्राकगोत्र।

Agaricus (अगेरिकस) छत्रकभेद, छत्रकेति।

Agasti (एगेस्टि) अगस्तिति, अगस्ति प्रजाति।

Agastronervia (एगेस्ट्रोनर्विया) आमाशयिक नाड़ीशक्ति का दौर्बल्य।

Agastroneuria (एगेस्ट्रोन्यूरिया) आमाशयिक नाड़ी संस्थान का दौर्बल्य।

Agate (एगेट) पाल्यश्म।

Agathin (अगेथिन) वातशूलघ्नि।

Agave (एगेव) वनकुमारी प्रजाति, वनकुमारीति।

Age (एज) **(i)** वयस् **(ii)** युग।

Agenesia (एजनेसिया) नपुंसकता, सदोषविकास, अपूर्णविकास, नपुंसक।

Agenesis (एजेनेसिस) नपुंसकता, किसी अंग की दोषपूर्ण अभिवृद्धि।

Agenosomia (एजेनोसोमिया) जननेन्द्रियों की अपूर्णता। जननेन्द्रियों का अपूर्ण विकास।

Agent (एजेण्ट) अभिकर्त्ता, परिवर्तनकारक तत्व या पदार्थ।

Ageusia (एग्यूसिया) अस्वाद, स्वादहीनता।

Ageustia (एग्यूस्टिया) स्वादहीनता, विरसता।

Agglomerate (एग्लोमेरेट) एकत्रित, पिण्डीभूत, अभिपिण्डन।

Agglutinant (एग्लूटिनेण्ट) अभिश्लेषि, प्रसमूही।

Agglutination (एग्लूटिनेशन) प्रसमूहन अभिश्लेषण, चिपकना।

Agglutinative (एग्लूटिनेटिव) अभिश्लेषी, अभिश्लेषणात्मक।

Agglutinin (एग्लूटिनिन) अभिश्लेषि, प्रसमूहि।

Agglutinogen (एग्लूटिनोजेन) अभिश्लेषिजन। प्रसमूहिजनक।

Agglutinoid (एग्लूटिनॉयड) प्रसमूहाभ, अभिश्लेषाभ।

Agglutinophore (एग्लूटिनोफोर) अभिश्लेषिवाहक।

Aggravation (एग्रेवेशन) रोगवृद्धि।

Aggregate (एग्रीगेट) पुञ्जीकरण, राशिकरण एकत्रीकरण,समूह।

Aggressin (एग्रेसिन) अग्रापकारि।

Aging (एजिंग) जरण, वयोवृद्धि।

Agitation (एजिटेशन) आवेग, क्षोभ।

Aglobulia (एग्लोब्यूलिया) रक्त में लाल कणों का अभाव।

Aglossia (एग्लोसिया) जिह्वा का अभाव।

Aglucon (एग्लूकोन) अमध्वा।

Aglutition (एग्लूटीशन) निगीरणकृच्छ्रता, निगल न सकना।

Agminated (एगमिनेटेड) संयुक्त, पुञ्जीकृत।

Agnatha (एग्नेथा) अहनवः।

Agnathia (एग्नेथिया) जन्मजात हनुराहित्य, हनुहीनता, अहन्वीयता।

Agnea (एगनिया) **(i)** रोगजन्यवन्ध्यत्व। **(ii)** रोगजन्य दृष्टिशक्ति का क्षय।

Agneithia (एग्नीथिया) हनुराहित्य।

Agnesia (एग्नेसिया) नपुंसकता।

osia (एग्नोसिया) स्मरणशक्ति ास अथवा दौर्बल्य। किसी वस्तु को हचानने की शक्ति न रहना।
otozotic (एग्नोटोज़ोटिक) अज्ञातकल्प।
gue (-एगोग)-उत्सारी।
mphiasis (एगोम्फियेसिस) दाँतों ा हिलना, दन्त चालन।
mphious (एगोम्फियस) दन्तविहीन।
mphosis (एगोम्फोसिस) दन्तचालन, ाँतों का हिलना।
nal (एगोनल) आसन्न मृत्युकाल।
nia (एगोनिया) (i) घोर मर्मान्तिक- त्रणा। (ii) वन्ध्यात्व।
ny (एगोनी) (i) मृत्युयंत्रणा। (ii) अत्यधिक शारीरिक या मानसिक कष्ट।
raphobia (एगोराफोबिया) ुन्मर्दभीति।
aemia (एग्रीमिया) वातरक्तमयता।
ammatism (एग्रामेटिज्म) व्याकरण विशुद्धवाक्य बनाने की क्षमता का न रहना।
anulocytic Angina (एग्रेन्युलो- साइटिक एन्जाइना) अकणिक गलपाक।
anulocytosis (एग्रेन्युलोसाइटोसिस) अकणिक कायाणूत्कर्ष।
aphia (एग्रेफिया) लिखकर विचार व्यक्त करने की क्षमता का अभाव।
raphic (एग्रेफिक) लिखकर विचार व्यक्त करने में असमर्थ।
ree (एग्री) स्वीकरण, सन्मिलन।
reeable (एग्रीयबिल) काम्य, रुचिकर
reement (एग्रीमेण्ट) संविदा।
remia (एग्रीमिया) आनवात प्रवणता।
ria (एग्रिया) एक प्रकार के दाने, कोई भी फुन्सियोंवाला तीव्र उद्भेद।
rimony (एग्रीमनी) एक वनौषधि जिसकी मूल साधारणतः कषाय रसवाली संकोचक होती है।
riothymia (एग्रियोथाइमिया) भीषण उन्माद।
rippa (एग्रिप्पा) पादोदित शिशु।
rippinus partus (एग्रिप्पिनस पार्टस) पादोदय।

Agrius (एग्रियस) अतितीव्र।
Agromania (एग्रोमेनिया) एकान्तप्रियता, एकान्तोन्माद।
Agropyrum (एग्रोपाइरम) ग्रावियास।
Agrypnotic (एग्रिप्नोटिक) अनिद्राकर।
Agrypnia (एग्रिप्निया) अनिद्रा।
Ague (एग्यू) शीतज्वर, शीतविषमज्वर की सकम्प अवस्था।
Ahlfeld's Sign (एलफेल्डस साइन) गर्भाशय के स्थानिक अनियमित अपतानिक संकोच, इस प्रकार का लक्षण प्रायः गर्भावस्था के तृतीय मास के बाद देखा जाता है।
Ahypnia (एहिप्निया) अनिद्रा।
Aichmophobia (एक्मोफोबिया) तीक्ष्णाग्र शस्त्रभीति।
Aid, first (एड फर्स्ट) प्राथमिक उपचार।
Ailanthus (ऐलेन्थस) महानिम्ब प्रजाति।
Ailurophobia (ऐल्यूरोफोबिया) मार्जारभीति।
Ainhum (ऐनहुम) नीग्रोजाति की एक विशिष्ट व्याधि जिसमें उनकी कनिष्ठा पादाङ्गुलियों का कोथ हो जाता है।
Air (एयर) वायु, वात।
Air, complemental (एयर काम्पलि- मेंटल) पूरक वायु।
Air, impure (एयर,इम्प्योर) अशुद्ध हवा।
Air, residual (एयर, रेसिड्यूअल) अवशिष्ट वायु।
Air, tidal (एयर, टाइडल) प्राणवायु।
Airbath (एयरबाथ) वातस्नान, वायुस्नान।
Akatamia (एकेटेमिया) अफ्रीका की स्थानपदिक परिसरीय नाड़ीशोथ नामक व्याधि।
Akerlund deformity (एकरलण्ड डिफोर्मिटी) पक्वाशय के शिखर की विकृति जो कि प्रणाच्य व्रण के कारण होती है।
Akinesia (एकाइनेसिया) गतिराहित्य, गत्याभावत्व।
Akinesis (एकाइनेसिस) गत्याभाव।
Ala (एला) पर, पक्ष, पल्क, पंख।
Alabamide (एलाबेमाइड) लावणेय।
Alabamine (एलाबेमीन) लावणी।

Alabaster (एलाबेस्टर) मातचूर्ण।
Alae magnae (एले मैगने) बृहद् पक्षक।
Alae parvae (एले पार्वे) लघु पक्षक।
Alalia (एलेलिया) बोली बंद हो जाना स्वरयंत्रपक्षाघात जन्य वाग्लोप।
Alangine (एलेञ्जीन) अंकोली।
Alangium (एलेञ्जियम) शोधनति, शोधन प्रजाति।
Alanin (एलेनिन) आलुवि।
Alantol (एलेन्टोल) रास्ना।
Alar (एलर) पक्षक, पक्षवत।
Alar fold (एलरफोल्ड) पक्षक-पुटक।
Alar lamina (एलर लेमिना) पक्षक-फलक।
Alar ligament (एलर लिगामेंट) पक्षक-स्नायु।
Alarm Clock (एलार्म क्लॉक) प्रबोधिका, एलार्म घड़ी।
Alarming (एलॉर्मिंग) आतंककर।
Alate (एलेट) पंखयुक्त, पक्षयुक्त।
Albaras (एलबेरास) श्वित्ररोग।
Albedo (एल्बीडो) सफेदी, धवलता।
Albers Schonberg's Disease (एलबर्स शोनबर्गस् डिसीज़) अस्थिघनतोत्कर्ष।
Albert's Disease (एल्बर्टस् डिसीज़) पार्ष्णिकण्डरापुट।
Albicans (एल्बिकेन्स) सफेद, श्वेत, धवल।
Albiduria (एल्बिडयूरिया) श्वेतमूत्रता, धवलमूत्रता।
Albinism (एल्बिनिज्म) शुक्लता।
Albini's Nodules (एल्बिनीज़ नोड्यूल्स) बलिन्द् मिलनीय कॅपाट के स्वतन्त्रतलक के ऊपर स्थित छोटे-छोटे सर्षपाकार दाने।
Albino (एल्बिनो) धवल कुष्ठरोगी, शुक्ल श्वेत।
Albino bee (एल्बिनो बी) त्रिवर्ण मधुमक्खी।
Albinurea (एल्बिन्यूरिया) धवलमूत्रता।
Albocinereous (एल्बोसाइनेरियस) श्वेत धूसर पदार्थ युक्त।
Albuginea (एल्बुजिनिया) श्वेताभ, श्वेतझिल्ली।

Albugineotomy (एल्ब्युजीनियोटोमी) श्वेतझिल्लीच्छेदन।
Albugineous (एल्ब्युजीनियस) श्वेतता-युक्त, सफेदी युक्त।
Albuginitis (एल्ब्युजिनाइटिस) श्वेतझिल्ली का प्रदाह।
Albugo (एल्ब्युगो) सितस्फोट, आँखों की सफेदी, आंख का सफेद दाग।
Albumen (एल्ब्युमेन) अंडे की सफेदी, श्वेतक, श्विति।
Albumi (एल्ब्युमी) श्विति-।
Albumic (एल्ब्यूमिक) श्वितिक।
Albumimeter (एल्ब्यूमीमीटर) शुक्तिमान।
Albumin (एल्ब्यूमिन) शुक्ति, श्विति।
Albuminate (एल्ब्यूमिनेट) शुक्तेय, श्वितियीय।
Albuminiferous (एल्ब्यूमिनीफ़ेरस) श्वितिभर, शुक्तिजनक।
Albuminimeter (एल्ब्यूमिनीमीटर) श्वितिमान, शुक्तिमापक।
Albuminimetry (एल्ब्यूमिनीमेट्री) श्वितिमिति।
Albuminiparous (एल्ब्यूमिनीपेरस) शुक्त्युत्पादक।
Albumino- (एल्ब्यूमिनो-) श्विति-।
Albumino-fibrin (एल्ब्यूमिनोफाइब्रिन) श्वितितन्त्वि।
Albuminogenous (एल्ब्यूमिनोजीनस) श्वितिजनक।
Albuminoid (एल्ब्यूमिनॉयड) शुक्त्याभ, श्वित्याभ।
Albuminoidal (एल्ब्यूमिनॉयडल) अंडे की सफेदी से सम्बद्ध। प्रोटीन का।
Albuminolysis (एल्ब्यूमिनोलाइसिस) श्वित्यंशन।
Albuminometer (एल्ब्युमिनोमीटर) श्वितिमान।
Albuminorrhea (एल्ब्युमिनोरिया) श्वितिस्राव।
Albuminosis (एल्ब्युमिनोसिस) अतिश्वितिता, शुक्त्योत्कर्ष।
Albuminous (एल्ब्युमिनस) श्वितिमत, श्वितिय, शुक्तिय।

ɪminousness (एलव्युमिनसनेस) श्वितियत्व ।

ɪminuretic (एलव्युमिन्युरेटिक) शुक्लिमूत्रोत्पादक ।

uminuria (एलव्यूमिन्यूरिया) मूत्र में अंडे जैसी सफेदी होना, शुक्लिमूत्रता, श्वितियमेह ।

umon (एलव्युमोन) रक्तगतप्रभूजिन विशेष ।

ıumoscope (एलव्यूमोस्कोप) श्वितोक्ष ।

ıumose (एलव्यूमोज़) किण्वों द्वारा पाचित शुक्लि, श्वितधु ।

ıumosuria (एलव्यूमोस्यूरिया) श्वितधुमेह । मूत्र में पाचित शुक्लि का मिलना ।

ıurnum (एलवर्नम) रसकाष्ठ ।

ɪali (एल्कार्ली) क्षार ।

ɪaligenes Abortus (एल्केलीजेनेस एबोर्टस) गर्भपात अपिंगोलाणु ।

ɪamine (एल्केमीन) सुप-विक्ति ।

chemist (एल्केमिस्ट) रसायनविद्, कीमियागर ।

ehemistic (एल्केमिस्टिक) रसविदीय, रसायनिक ।

lchemize (एल्केमाइज़) रसायन या किमिया बनाना ।

lchemy (एलकेमी) रसविद्या, कीमियागिरी ।

lco- (एल्को-) सुप- ।

lcogel (एल्कोजेल) सुपशिल ।

lcogene (एल्कोजीन) सुपजन ।

lcohol (एल्कोहोल) सुपव, मद्यसार, सुरासार ।

lcoholase (एल्कोहोलेज) दुग्धाम्ल को सुरासार में परिवर्तित करनेवाला किण्व ।

lcoholate (एल्कोहोलेट) सुरासारेय, सुपवीय ।

lcoholature (एल्कोहोलेचर) सुपवनिष्कर्ष ।

lcohol Engine (एल्कोहोल एंजिन) सुपवयन्त्र ।

Alcohol Fast (एल्कोहोल फास्ट) सुपवाधाव्य ।

Alcoholic (एल्कोहोलिक) सुरासारीय, सुपविक ।

Alcoholic beverage (एल्कोहोलिक वेवरेज) सुरा, मदिरा ।

Alcoholicity (एल्कोहोलिसिटी) (i) सुपविकता (ii) अतिपायिता ।

